RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश



जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 13 • • अंक 150 • • 30, नवबंर 2017 • • मूल्य : 20/- •




## पीपाड़ माली समाज के ऐतिहासिक आयोजन में उमड़ा समाज



## हार्दिक बधाई

माली समाज गौरव

# अशोक सैनी

प्रदेशाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई
एवं माली सैनी संदेश परिवार की ओर मंगलमयी शुभकामनाऐं







इस अवसर पर प्रदेश भर से आए युवाओं ने1128 यूनिट रक्तदान किया, प्रबुद्ध समाज बंधुओं ने दी बधाई



## हार्दिक बधाई

# सुश्री पल्लवी मौर्य

को बिहार सिविल जज के
चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं।



समाज के रमेश सैनी को भारतीय जनता पार्टी के
ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बननें पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं।



श्री आईदान जी पंवार पोकरण के नायब तहसीलदार से तहसीलदार
पद पर प्रमोशन होने पर हार्दिक बधाई

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

सम्पादक मण्डल

● वर्ष : 13 ● अंक 150 ● 30, नवंबर, 2017 ● मूल्य : 20/- प्रति ●

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन,
नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

(जिला - उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**

(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**

(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**

(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

**समाज का आगामी मुख्य आयोजन**







नागौर। अमरपुरा में संत लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान के तत्वावधान में एक से पांच दिसम्बर तक मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किए जाएगा। प्रथम पाटोत्सव (वर्षगांठ) के शुभ अवसर पर विभित्र कार्यक्रमों का आयोजन होगा। स्मारक विकास संस्थान के कोषाध्यक्ष कमल भाटी के अनुसार संतों के सान्निध्य में होने वालों इस कार्यक्रमों 1 दिसंबर को गणपति पूजन व संत लिखमीदास महाराज की वाणी के साथ शुभारंभ होगा। जिसमें महंत रामरतन महाराज बालेसर का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। इस प्रकार 2 दिसंबर का अखंड रामायण पाठ, 3 दिसंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह व सुंदरकांड पाठ, 4 दिसंबर को भामाशाहों का सम्मान व जागरण, 5 दिसंबर को महाआरती, ध्वजारोहण व बोलीदाता भामाशाहों का अभिनंदान किया जाएगा।

माली (सैनी) समाज के बालकिशन भाटी के अनुसार स्मारक विकास संस्थान के अध्यक्ष व राजस्थान सरकार में पूर्व राज्यमंत्री राजेंद्र गहलोत अमरपुरा धाम में निर्माण कायों का जायजा लिया। उन्होंने एक से पांच दिसम्बर तक होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में संस्थान मंत्री राधाकिशन तंवर, सहमंत्री हरीशचंद्र देवड़ा, पारसमल परिहार, सदस्य बहादुर सिंह भाटी, धमेंद्र सोलंकी सहित पत्रालाल सोलंकी, राजेन्द्र पंवार के साथ चर्चा की। बालेसर के संत रामरतन महाराज ने इस अवसर पर कहा कि संतों द्वारा की गई तपस्या व गृहस्थ भक्तों किए गए दान श्रृद्वा भाव ने ही पुण्यभूमि भारती की प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी की गई है। इसीलिए भारत संतों व सूरमाओं की धरती मानी जाती है। आज के समय जरूरत है सामूहिक भाव से संतों के जीवन संदेश के अनुसार काम करें। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि अमरपुरा धाम को प्रतिष्ठि करने में जहां गुरू महाराज की भक्त ों के विश्रास ने इसे शिखर पर पहुंचाया। इस अवसर पर संस्थान महासचिव राधाकिशन तंवर, सहमंत्री हरिशचन्द देवड़ा, कोषाध्यक्ष कमल भाटी, माली संस्थान नागौर के अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार, ताऊसर सरपंच आशाराम भाटी, बहादूरसिंह भाटी, पूर्व माली समाज अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

# समाज का इतिहास....

( समाज के सभी वर्गो के निवेदन पर माली समाज के इतिहास की संपूर्ण जानकारी – पार्ट 5)

## माली जाति की उत्पति . .

इतिहासविद्
स्व. श्री सुखबीर सिंह गहलोत के ग्रंथ राजस्थान का माली सैनी समाज से साभार.....



मनीष गहलोत

### कच्छवाहा

कच्छवाहा अयोध्या के राम के बड़े पुत्र कुश के वंशज हैं, वे सूर्यवंशी हैं । कुश के वंशज होने के कारण कुशवाहा भी कहलाते हैं। कुश का एक वंशज कूरम था। अतः ये कूरमवंशी भी कहलाते हैं। ग्वालियर के 'सास–बहू मंदिर' के वि.स. 1045 के शिलालेख में इनको कच्छपघात, कच्छपारि आदि भी कहा गया है।

इसी वंश के शासक नरवर के सोढदेव के पुत्र दूल्हराय ने वि.स. 1185 के लगभग आमेर के पास माची के कस्बे को जीत कर जमवाय रामगढ़ में अपना राज्य स्थापित किया था। माची गांव वर्तमान जयपुर नगर से 14 मील उत्तर–पूर्व में बसा हुआ है पहले वह मीणों के अधिकार में था। दूललराय ने माची को जीत कर वहाँ पर जमवामाता का मन्दिर बनवाया और माची का नाम रामगढ़ रखा। यह सन् 1137 की घटना है। बाद में जयपुर के निकट खोह जीतकर उसने खोह को अपनी राजधानी बनाया। उसने गेटोर, भोरवाड़ा आदि को भी जीता। उसके उत्तराधिकारी काकिल ने आमेर को 1207 में जीता और उसे ढूंढाड़ राज्य की राजधानी बनाया जो 1727 तक बनी रही। बाद में यहाँ के कच्छवाहा विभिन्न क्षेत्रों में जा बसे।

### भाटी

श्री कृष्ण की 88वीं पीढ़ी में राजा भाटी हुए। यदुवंशी श्रीकृष्ण के वंशजों में राजा बालावंध (सन् 227–279) के बाद उसका ज्येष्ठ पुत्र 'भाटी' शालिवाहनपुर(लाहोर) का शासक बना, उसके वंशज भाटी कहलाये। राजा भाटी(सन् 279–295) के 7 भाई थे। संयुक्त रूप से उनके ही वंशजों को भाटी कहा गया।

इस काल में कुषाणों व शकों की शक्ति क्षीण हो रही थी। अतः भाटियों ने तत्कालीन अस्थिरता का लाभ उठाकर अपने अधिकार क्षेत्र की सीमाओं का विस्तार किया। इनका राज्य पंजाब के उत्तरी पहाड़ी भाग व सिंध नदी के पश्चमी पहाड़ी क्षेत्रों पर हो गया। इस प्रकार आठों भाइयों की संतति ज्येष्ठ भाई राजा भाटी के नाम से भाटी कहलाई और इस कारण न केवल उनके राज्य का विस्तार ही हुआ बल्कि उनके वंश की भी वृद्धि हुई।

इनके नाम से कई नगर व दुर्ग भी बनाये गये। यथा भटिण्डा, भटनेर, भाटी का डांभ, भाटीगढ़ आदि। भटनेर भारत के सुप्रसिद्ध किलों में से एक था। भाटियों से ही आगे चलकर अनेक जातियाँ बन गई जैसे राजपूत, माली, जाट, सुथार, नाई, कुम्हार, तेली, खत्री आदि। यहाँ तक कि सिक्खों व मुसलमानों में भी भाटी वंश के लोग मिलते हैं।

**इनके नख हैं – सींघडा, जैसलमेरा, अराइया, सवालख्या और जादम ।**

क्रमश :........

पीपाड़ माली सैनी समाज के भव्यतम आयोजन में दिखी सामाजिक एकता की मिसाल.............

# अच्छे कार्यो के लिए मिलता है सभी का सहयोग, माली समाज मे भामाशाहों की नहीं है कमी – संत रामप्रसाद जी महाराज

## 27 जोड़ों का विवाह, उपहारों की लगी झड़ी, छात्रावास के लिए 140 कमरों हेतु भामाशाहों ने की घोषणा





पीपाड़। माली (सैनी) शिक्षा सेवा संस्थान तत्वावधान में बुधवार को प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन, छात्रवास शिलान्यास व नैनी बाई मायरा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। छात्रावास प्रांगण में माली समाज का तीन दिवसीय कार्यक्रम बुधवार को छात्रावास शिलान्यास, सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं नैनीबाई मायरा के साथ संपन्न हुआ। समारोह में माली समाज के करीब 75,000 लोगों ने शिरकत की। सम्मेलन में 27 जोड़े परिण्य सूत्र में बधें। नवविवाहित जोड़ों व छात्रवास परिसर पर हैलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई।

वही नौ करोड़ से बनने वाले छात्रवास का शिलान्यास रामस्नेही बड़ा रामद्वारा महंत रामप्रसाद महाराज, ऊँकारराम कच्छवाहा, राजेन्द्र गहलोत, सुनील परिहार, नगर पालिकाध्यक्ष महेंद्रसिंह कच्छवाह सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। जानकारी अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुजरात में चुनाव होने के कारण व्यस्त होने के कारण समारोह में भाग नहीं ले सके। उन्होंने अपना संदेश लिखित में भेजते हुए लिखा कि सामूहिक विवाह के आयोजन से दहेज प्रथा व समाज में होने वाले अनावश्यक खर्चो पर पाबंदी लगेगी। ऐसे आयोजन के लिए माली समाज का आभार व्यक्त किया।

संत शिरोमणी लिखमीदास जी स्मारक विकास संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने आयोजन के लिए पीपाड़ माली समाज का आभार प्रकट करते हुए भव्य आयोजन हेतु सभी का बहुमान किया साथ ही मण्डी समिति द्वारा छात्रावास निर्माण हेतु भूमि दान करने पर भूरी भूरी प्रंशसा की। राजसीकों के पूर्व चेयरमेन सुनील परिहार ने नव विवाहित दम्पतियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए समाज के युवाओं द्वारा जो समाज हित के लिए बीड़ा उठा कर भव्य आयोजन को सफल बनाए इसके लिए आभार प्रकट किया। इससे पूर्व पीपाड़ नगर पालिका चेयरमेन महेन्द्र कच्छवाहा ने सभी आंगतुकों का हार्दिक स्वागत करते हुए आयोजन में सहयोग करने वाले भामाशाहों, समाज के युवाओं का आभार प्रकट किया तथा अनुशासित आयोजन को सफल करने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा दिन रात की गई मेहनत के लिए उन्हें बधाईयां प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं पूर्व संसाद बद्रीराम जाखड़ ने कहा कि माली समाज से हमको सीख ले कर जाट समाज का भी सामूहिक विवाह का आयोजन करवाना चाहिए। इस दौरान राज्यसभा सांसद रामनारायण डूडी, राजेंद्र गहलोत, पूर्व राजसिको अध्यक्ष सुनील परिहार, ऊँकारराम कच्छवाह, विश्व स्तरीय श्री कृष्ण गौशाला के महामडलेश्वर कुशालगिरी महाराज ने भी संबोधित किया। मंच संचालन भगवान राम परिहार, डॉ राम अकेला, मनीष सैनी ने किया।

समारोह में बाबूलाल सांखला, मुन्नी देवी गोदारा, चेतनगिरी महराज, छात्र संघ अध्यक्षता डिंपल परिहार, संगीता सैनी, नरेश सांखला, माधुसिंह कच्छवाह, शिवकरण सैनी, महेंद्र प्रताप देवड़ा, उपखंड अधिकारी रीछपाल सिंह बुरड़क, वृत्ताधिकारी सेठाराम बंजारा, थानाधिकारी किशनलाल विश्नोई, नायब तहसीलदार किसनराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में समाज के नागरिक व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### भक्ति से प्रभु प्रसन्न होते है: महंत रामप्रसाद

इससे पूर्व तीन दिवसीय नैनी बाई का मायरा कार्यक्रम के प्रथम दिन भव्यतम कलश यात्रा में समाज की 11000 महिलाओं ने भाग लिया। प्रथम दिवस पर धार्मिक आयोजन में विशाल संख्या में पधारें सभी वर्गो को संबोधित करते हुए महंत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने कहा कि संत सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है मनुष्य जीवन में व्यक्ति को संतो के बताए मार्ग पर चलना चाहिए, क्योकि संतो के अंदर ईश्वर का निवास रहता है। मनुष्य में नरसी भक्त जैसी संत भावना होनी चाहिए।

सच्चे मन व निस्वार्थ भाव से की गई भक्ति से प्रभु प्रसन्न होते है, और भक्तों के आधीन हो जाते है। जिस प्रकार नरसी मेहता की लाज रखते नैनी बाई का मायरा भरने खुद प्रभु छप्पन करोड़ की मया लेकर आ गए। भक्ति से प्रभु भक्तों की लाज रखते हैं। उक्त कथन नैनी बाई मायरा के में बड़ा रामद्वारा महंत राम प्रसाद महाराज ने कथा प्रसंग के दौरान कहे। वही लोक गायक प्रकाश माली के भजनों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर लिया।

## डॉ प्रफुल्ल -डॉ मिनाक्षी कच्छवाहा ने बेटे की शादी सादगी से की, बचत से करेगें दो बेटियों के हाथ पीले

# मां बाप का साया बन डॉ. कच्छवाहा परिवार ने की अनूठी पहल





जोधपुर। सावों का सीजन आते ही बेटे बेटियों की शादी में चार चांद लगाने के लिए हर मां बाप दिल खोलकर खर्च करते है। कहीं समारोह की भव्यता और रिश्ते नातेदारों में खुद का मान सम्मान बढ़ाने के लिए जमकर अपव्यय भी किया जाता है। शादियों में होने वाले इस दिखावे से इत्तर शहर के एक परिवार ने आमजन सहित खास लोगों के लिए मिसाल पेश की है। चिकित्स डॉ. प्रफुल्ल कच्छवाहा और उनकी पत्नी डॉ. मिनाक्षी कच्छवाहा ने अपने बेटे राघव की शादी का समारोह पांच सितारा होटल के बताए सादगी से आयोजित किया। कच्छवाहा परिवार ने इस समारोह से बचाए पैसों से शहर की दो गरीब बेटियों की शादी करवाने का फैसला किया है। डॉ कच्छवाहा के सुपुत्र राघव का विवाह आदिती के साथ संपन हुआ।

### बेटियों के घर लौटेंगी खुशियां, गरीब बेटियों को दिया खुशियों का तोहफा

डॉ कच्छवाहा ने बताया कि दो गरीब बेटियों की शादी करवाने की तलाश पूनम माली और भावना के साथ पूरी हुई। पूनम के सिर से मां तो भावना के सिर से पिता का साया उठ चुका है। कच्छवाहा परिवार ने इन बेटियों की शादी अपने खर्च पर करवाने का फैसला किया। थोड़ें ही दिनों में जहां पूनम के घर शहनाई बजेगी तो चंद महीनों में भावना के हाथ भी पीले होने वाले है। कच्छवाहा परिवार ने पूनम की शादी में शगुन के लिए सोने के गहने, कपड़े, घरेलू सामान की खरीदारी की। डॉ. कच्छवाहा ने पूनम की शादी समारोह में प्रीतिभोज की जिम्मेदारी भी उठाई है। भावना के लिए भी शगुन का दस्तूर किया है। ज्ञात रहे डॉ. प्रफुल्ल कच्छवाहा मथुरा दास माथुर अस्पताल के निश्चेतन विभागाध्यक्ष के साथ ही अस्पताल के अधीक्षक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके है। इनकी पत्नी डॉ. मिनाक्षी कच्छवाहा साईटिंस्ट है तथा पुत्री सुश्री सोनल ने अमेरिका में मॉश कम्यूनिकेशन में एमबीए की डिग्री प्राप्त की है तथा अभी मुंबई में एडवरटाईजिंग कंपनी में डॉक्यूमेंट्रीज बनाती है। हमें गर्व है कि हमारे चाचा जी डॉ. प्रफुल्ल हमारे पारिवारिक रिश्तेदार है इन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी का जो बीड़ा उठाया है उसके लिए हम सभी की ओर से हार्दिक आभार एवं अभिनंदन।



# समाज गौरव हनुमान भाटी ने धूमधाम से किया दिव्यांग बेटी का विवाह निभाई सभी रस्में

अजमेर। आज के स्वार्थी जीवन मे जहा हर कोई अपने सिवाय किसी अन्य के बारे मे बिना स्वयं के लाभ कोई कार्य नही करता है ऐसे मे समाज के श्री हनुमान भाटी ने अनुकरणीय पहल की।जी हाँ, कल देव उठनी एकादशी को पहले शादी के सावे को अजमेर समाज में एक ऐसी अद्भुत अनुकरणीय मिशाल पेश की। एक समाजबंधु जिसने लगभग पैंतीस वर्ष एक फेफड़े सें जीवित रहकर अपनी मेहनत मजदूरी करके किराये के मकान में रहकर अपनी बेटी जो दिव्यांग थी उसे स्नातक तक पढ़ाई कराई फिर कम्प्यूटर कोर्स कराया । लेकिन तीन वर्ष पूर्व अपनी लाडो का हाथ पीला करने से पहले ही हार्टअटैक से इस दुनिया से विदा हो गया और अपनी दो अविवाहित पुत्रियों व पत्नी को रोती बिलखती छोड़ गया । और उनकी अधूरी ईच्छा को पूरी की उनका ही एक समाज बंधु दोस्त ने, जिनका नाम श्री हनुमानजी भाटी, जगदम्बा कालोनी, गुलाब बाड़ी, अजमेर है । श्री हनुमानजी भाटी ने इस दिव्यांग बच्ची की ऐसी धूमधाम से शादी की कि जिसने भी यह शादी देखी दंग रह गया और अन्तर्हदय से बच्ची के सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया तथा श्री हनुमानजी भाटी के द्वारा किये गये नेक अनुकरणीय कार्य की भूरी भूरी प्रसंशा की । ऐसे समाज रत्नों का समाज को सम्मान करना चाहिए । माली सैनी संदेश परिवार श्री हनुमानजी भाटी को समाज की और से कोटि कोटि साधूवाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

देखिए अनोखी शादी.....

# माली समाज भवन में हुई शादी बनी चर्चा का विषय



नागौर. चार महीने बाद मंगलवार को देवउठनी एकादशी पर अबूझ सावे के चलते जिलेभर में शादी की शहनाइयां गूंज उठी। डीडवाना रोड स्थित माली समाज भवन में हुई शादी लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। यहां पर सामान्य से कम लम्बाई का जोड़ा परिणय सूत्र में बंधा। माली समाज भवन में आयोजित शादी समारोह में झुंझुनूं जिले के जहाज गांव निवासी महेश का विवाह नागौर निवासी आकांक्षा से हुआ। दूल्हे महेश की लम्बाई साढ़े चार फीट तथा दुल्हन आकांक्षा की लम्बाई ३ फीट दो इंच होने से शादी में शामिल लोग दोनों के हौंसलों की चर्चा करते नजर आए। लोगों का कहना था कि आज के समय में कम लम्बाई होना भी शादी की राह में बड़ा रोडा है। कई बार देखने को मिलता है कि शारीरिक रूप से कमजोर या पूर्णतरू विकास नहीं हो पाने से कई लोग कुदरत को कोसते हुए जिन्दगी से हार मान लेते हैं, लेकिन आकांक्षा व महेश कुमार सैनी ने हौंसला दिखाकर खुशी-खुशी एक दूसरे से शादी रचाई है।

**नीम का थाना में हुई मुलाकात :** युवती के चाचा ने बताया कि आकांक्षा ने बीएससी तक की पढ़ाई की है। वर्तमान में वह नीम का थाना में राजस्थान बड़ौदा ग्रामीण बैंक में कार्यरत है। आकांक्षा की लम्बाई कम होने के कारण कई बार वह नर्वस हो जाती थी। उसके दादा ऑंकार सिंह भाटी की प्रेरणा व सहयोग से यह सब कर सकी। यहां तक कि जब वह बैंक की तैयारी करने कोंचिग जाती थी तो उसके दादा उसे छोडने व लेने जाते थे। उन्होंने बताया कि वैसे तो लडका-लडकी ने करीब चार साल पहले जोधपुर के एक कोचिंग सेंटर पर तैयारी की थी, लेकिन इस दौरान ऐसी कोई बात नहीं हो पाई। इसके बाद लडकी की बड़ौदा बैंक नीम का थाना ग्रामीण शाखा में पोस्टिंग हो गई। इसे संयोग ही कहा जाए कि करीब छह महीने पहले दोनों की मुलाकात नीमकाथाना में हुई। लडकी के दादा ने जब लडके से बात की तो जानकारी मिली की लडके का चयन भी नीमकाथाना में नेशनल इंश्योरेंस में हुआ है। इसके बाद दादा ने परिजनों से बातचीत की। दोनों के परिजन शादी के लिए राजी हो गए।

# दौसा में 18 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

दौसा। देव उठते ही पर मंगलवार को चौतरफा शहनाइयां गूंज उठ। दोसा शहर में अल-अलग स्थानों पर सर्वजातीय एवं सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ, जहां 35 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर हम साथ-साथ हैं के सात फेरे लिए। दूसरी ओर नांगल राजावतान अंतर्गत प्यारीवास में जंगम समाज (पटवा) का सम्मेलन गणेशपुरा रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज छात्रवास में हुआ। सैनी समाज के 18 जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए संसदीय सचिव ओम प्रकाश हुड़ाला, लालसोट विधायक डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी, पूर्व मंत्री मुरारी लाल मीणा, पूर्व संसदीय सचिव ममता भूपेश, जिला प्रमुख गीता खटाणा, सिकराय प्रधान बादाम देवी सैनी, महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी, वरिष्ठ महामंत्री राजेंद्र मावर, महासभा के संरक्षक बिरदी चंद सिंगोदिया पहुंचे। समारोह में एडिनशनल पुलिस सुपरिटेंडेंट प्रकाश शर्मा भी पहुंचे। इस मौके पर लवाण ब्लॉक की फूले सेना ने फेरा पांडाल की व्यवस्थाओं का सफलता पूर्वक सहयोग किया। सम्मेलन में करीब 40 हजार लोगों को भोजन कराया किया। विवाह सम्मेलन में सैनी समाज के भामाशाह भागचंद टांकड़ा, सैनी समाज जिलाध्यक्ष कैलाशचंद भागचंद टांकड़ा, सैनी समाज जिलाध्यक्ष कैलाशचंद सैनी, आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक दूजे के हमसफर बनें 30 जोड़े

आमेर। फूल माली समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में देवउठनी एकादशमी पर जयसिंहपुरा खोर स्थित राजकीय उच्च माध्यापिक विद्यालय में फूलमाला (सैनी) समाज का नवम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। विवाह सम्मेलन में फूलमाली समाज के 30 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सभी जोड़ो को जीवन उपयोगी वस्तुएं विवाह सम्मेलन में दी गई है। सामूहिक विवाह सम्मेलन धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार किया गया। फूलमाली समाज विकास समिति अध्यक्ष, पार्षद ग्यारसीलाल माली ने अतिथियो का स्वागत किया। इस अवसर पर खेलकूद और युवा बोर्ड अध्यक्ष धूपेंन्द्र सैनी ने कहा कि कन्या दान महादान है सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजनों में समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। युवा नेताअजय सैनी ने कहा की ऐसे आयोजन समाज सुधर में अहम भूमिका निभाते है। इस अवसर पर गिर्राज कुमावत, पप्पुलाल सैनी, शंकर सैनी, शम्भू सैनी सोहनलाल सैनी सहित कई राजनीतिक गणमान्य लोग भी शामिल हुए।

## शोभायात्रा में 100 महिलाएं हुई शामिल, 57 प्रतिभाओं का किया सम्मान

# शोभायात्रा में उमड़ा माली समाज





बाड़मेर। माली समाज की ओर से गुरू पुर्णिमा को संत लिखमीदास महाराज की जयंती पर प्रतापजी की प्रोल स्थित माली समाज न्याति नोहरे से संतों के सानिध्य में शोभायात्रा का आगाज हुआ। शोभायात्रा में समाज के बड़ी संख्या में महिला, पुरूषों व बच्चों ने भाग लिया। शोभायात्रा में उपस्थित जन समुदाय ने लिखमीदास महाराज के जयकारों से आकाश को गूंजायमान कर दिया। शोभायात्रा प्रतापजी की प्रोल से रवाना होकर जवाहर चौक, सदर बाजार, स्टेशन रोड, अहिंसा सर्किल, सुभाष चौक होते हुए पुनः समाज भवन में पहुंची।

### पुष्पवर्षा से कलश यात्रा का स्वागत

शोभयात्रा बैंड पर प्रस्तुति देते कलाकारों के साथ ढ़ोल नगाड़े व समाज की 1100 महिलाओं व बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण का शोभा बढ़ाई। शोभयात्रा का विभित्र समाजों व संगठनों की ओर से पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। शहर भर में तोरण द्वार से स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान सबसे आगे संत राघवदास व संत परमानंद महाराज रथ पर सवार थे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक मेवाराम जैन ने माली समाज में जसदेर तालाब स्थित श्मशाना विकास के लिए 11 लाख और 5 लाख मंदिर निर्माण के लिए घोषणा करते हुए कहा कि जो समाज संगठित रहेगा वही आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना होगा। वहीं बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। वहीं समाज में सामंजस्य होता है। शोभायात्रा के दौरान संत लिखमीदास महाराज व अन्य देवी देवताओं की 11 झांकियां आकर्षन का केन्द्र रही। जगह जगह झांकियों का पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ।

### युवाओं से आगे आने का आव्हान

दोपहर में गोलेच्छा ग्राउंड में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजि हुआ। सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें 57 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक सैन किया गया। समारोह में विधायक जैन ने समाज में शिक्षा पर जोर देने की बात कही। वहीं संत राघवदास ने कहा कि युवा आगे आए तो समाज भी आगे आएगा। माली समाज अध्यक्ष दमाराम परमार ने कहा कि सबके सहयोग से ही समाज आगे बद पाएगा। शिक्षा में अभी हमारा पिछड़ा है लेकिन मेहनत करने से शिक्षा में प्रतिभाए भी आगे बढ़ेगी। मंजू परमार ने कहा कि बेटिया समाज की धुरी है। हम सभी का कर्त्तव्य है कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा दें। कार्यक्रम के दौरान सहयोग करने वाले भामाशाहों का स्वागत किया गया। संत लिखमीदास जयंती समारोह अध्यक्ष दीपक परमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### संतों का रहा सानिध्य

कार्यक्रम के दौरान संत राघवदास, महंत नारायण पुरी, महंत खुशाल गिरी, संत परमानंद सहित कई संत मौजूद रहे। नगर परिषद सभापति लूणकरण बोथरा, हाजारीराम, पदमाराम, श्यामलाल माली, भोपालराम भाटी, नेणाराम सोलंकी ने सम्बोधित किया। इस मौके पर मिश्राराम, जोगाराम भाटी, निम्बाराम् राणराम, चुन्नीलाल, लाधुराम, ठाकराराम् छगनलाल, बाबूलाल, अरविंद, रमेश परिहार, बलवीर, नेमीचंद पांचराम, गोरखाराम, मगाराम, रिड़मलराम, भीमराज भाटी, कमलेश सहित समाज के कई लोगों ने सहयोग किया।



# शिवलाल गहलोत बने मद्रास माली समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष







चैन्नई। माली समाज ट्रस्ट चैन्नई का शपथ ग्रहण समारोह पेरूमाल कोईल गार्डन स्ट्रीट साहूकारपेट स्थित माली समाज में हुआ। इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर संत चेतनगिरीजी महाराज एवं टीकमदास जी महाराज की मौजूदगी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिवलाल गहलोत का शपथ ग्रहण एवं पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल सुंदेशा की कार्यकारिणी का विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत चैन्नई के आयकर अधिकारी एम. एन. मौर्या, माली समाज विकास संस्थान सुंधा पर्वत के अध्यक्ष शंकरलाल सुंदेशा, माली समाज मुम्बई के संरक्षक उम्मेदलाल परिहार, माली वेलफेयर सोसायटी सिरोही के अध्यक्ष रघुभाई माली मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांतिलाल माली ने की। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरदीचंद देवड़ा, अचलाराम गहलोत, कांतिलाल छतराराम गहलोत, खेताराम परिहार, पवनाराम सुन्देशा एवं मंछाराम गहलोत मौजूद थे।

इस मौके नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिवलाल गहलोत ने संत महात्माओं का बहुमान किया। कार्यक्रम में चेतनगिरीजी महाराज ने नई पीढ़ी में संस्कारों के साथ नैतिक मूल्यों की आवश्यकता का महत्व बताया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र गहलोत ने महिला शिक्षा को समाज के विकास के लिए जरूरी बताते हुए सावित्री बाई फूले के आदर्शो पर चलने का आव्हान किया। वहीं एम. एन. मौर्या ने समाज के होनहार विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के लिए उचित मार्गदर्शन की जरूरत पर प्रकाश डाला। रघुभाई देवड़ा ने माली समाज की एकता के लिए संगठन की मजबूती एवं शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे ले जाने के लिए हर संभव सहायता का यकीन दिलाया तथा समाज के युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शंकरलाल सुंदेशा, उम्मेदमल परिहार ने भी विचार व्यक्त किये।

इस मौके पर दलाराम देवडा, खीमराज गहलोत, नेकाराम सांखला, गणेशमल सोलंकी, तुलसीराम देवडा, प्रभुराम धुमबडिया, देवीचंद बाकरारोड, मदनलाल सुंदेशा, रणजीत भाटी, ललित मंडोरा, प्रकाश आसाना, मंछालाल गहलोत, चेलाराम गहलोत, ईश्वरलाल कोटकस्तान, जितेन्द्र बाकरारोड, हंसाराम सुहित माली समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम में माली लिखमीदास सेवा मण्डल ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें टीकमदास महाराज ने भजन गाये। कार्यक्रम का संचालन हरीश माली, कमलेश सीए एवं तेजाराम माली ने किया।

# यात्रियों का जत्था पहुंचा अमरपुरा



संत लिखमारामजी फाउंडेशन बालोतरा के श्रद्वालुओं के जत्थे ने रविवार को अमरपुरा स्थित संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज की पावन समाधि के दर्शन किए। बालोतरा के संत नृसिंहदास महाराज के पावन सानिध्य में 21 अक्टूबर से रवाना होने वाले इस दल में 385 यात्री शामिल थे। इसमें फाउन्डेशन के अध्यक्ष प्रहलाद गहलोत, सचिव ओमप्रकाश, उपाध्यक्ष मोहन परिहार, कोपाध्यक्ष पवन चौहान, सदस्य गिरधारी सोलंकी ने नेतृत्व किया।

माली समाज के बालकिशन भाटी के अनुसार समाधि स्थलपर अमरपुरा विकास संस्थान के कोपाध्यक्ष कमल भाटी, सदस्य धर्मेन्द्र सोलंकी, दौलत भाटी, पन्नालाल सोलंकी, प्रवीण चौहान, दीपक गहलोत, मोहनसिंह भाटी ने यात्रियों के लिए व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। दल ने वृन्दावन, मथुरा, काशी, गंगासागर, कोलकाता, अयोध्या, सालासर, काठमांडू दर्शन करके यात्रा का समापन अमरपुरा में किया।

समाज गौरव स्वर्गीय भगवान सिंह परिहार द्वारा स्थापित लवकुश संस्थान की बेटियों को सजल नेत्रों से दी विदाई

# नवजीवन संस्थान की 6 बेटियां बंधी परिणय सूत्र में





जोधपुर। नवीवन संस्थान (लवकुश गृह) की फिजाओं में गुंजता यह गीत आज परिणय सूत्र में बंधने जा रही 6 बेटियों के पालने से पालकी तक के सफर को बयां करता है। संस्थान में होश संभालने से पहले आई बेटियां आज यौवन की दजलीज पर आ खड़ी है। संस्था के प्रभारी राजेन्द्र परिहार के साथ ही उनके परिवार के अलावा संस्थान से जुड़ें सैकड़ों प्रबुद्धजन, सखियां, शहर वासियों के साथ ही यहां का हर कोना आज इन बेटियों को हंसी खुशी विदा करने आया था। भव्य और आकर्षक रूप से सजे मंडप में विखरती शाहनाई की मधुर धुनों के बीच जब एक के बाद एक करते हुए छह बारातें पहुंची तो माहौल इस कदर खुशनुमा हो गया कि यहां मौजूद सभी के चेहरों पर चमक उभर आई और मन पल्कित होकर नाचने लगा। यहां बाराती थे जरूर लेकिन ये बेटियों के परिवार में ही शामिल होकर बजाय अपनी आवभगत करवाने के दूसरों की आगवानी करने में व्यस्त नजर आए। नवजीवन संस्थान में आज छह दुल्हों की बारात के साथ खुशियों की इतनी बरसात हुई कि हर कोई झूम उठा। रंग-बिरंगे बन्धेज व लहरिये के साफे, जोधपुरी कोट में सजे-धजे पुरूषों की भड़ में राजस्थानी पोशाकों लहंगा-चुन्नी व मेहँदी रचे हाथों में सजी-धजी महिलाओं का हुजुम को दृश्य पैदा कर रहा था वो किसी सुनहरे सपने से कम नहीं था। हर तरफ उल्लास व उमंग का माहौल था।

अपराह्न में अधिकांश बारातें सारस्वत समाज भवन पहुंचीं। यहां उनका स्वागत महापौर घनश्याम ओझा, एडवोकेट हस्तीमल सारस्वत, प्रो. आरएन शर्मा, पंडित बालष्ण ओझा, भंवरलाल सारस्वत, प्रमोद लखनपाल सुधीर सारस्वत ने किया। बारात ठीक शाम 4:30 बजे संस्था परिसर पहुंची थी। घोड़ी पर छह दुल्हों की यहां जमकर आवभगत की गई। उनके स्वागत में आसमान में रंग बिरंगी आतिशवाजी भी की गई। सैकड़ों की तादाद में शहरवासी बारात देखने आये। ढोल- थाली की धुन पर यहां महिलाएं खूब नाची। इसी दौरान ही टीके व आरती की रस्म अदा की गया। सभी दुल्हों ने एक साथ तोरण को छुआ। एक साथ जब छ: दुल्हे संस्था के द्वार पर आये तो नजारा देखने लायक था। लवकुश शिशु गृह में सुबह से खुशी उल्लास का माहौल था। हालांकि छह बेटियों की शादी के बाद ससुराल जाने की घड़ी में आश्रम की अन्य बालिकाओं को उनकी कमी जरूर महसूस हो रही थी। सभी छह बारातें एक साथ लवकुश गृह पहुंची। यहां नवजीवन संस्थान के पदाधिकारियों राजेंद्र परिहार, ड. बीडी गुप्ता, महेंद्र लोढ़ा, ड. पीएम कुंभट, प्रो. एनके मलिक, प्रणय गर्ग, राजेश बोहरा सहित शहर के गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। यहां तोरण रस्म हुई। कन्यादान करने वाली महिलाओं ने दूल्हों की आरती उतारी। यह दूल्हा-दुल्हनों को मंडप में बिठाया गया। आर्य समाज के पंडित शास्त्री रामनारायण उनके सहयोगियों ने विधि-विधान से पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करवाया। सभी बारातियों को अल्पहार करवाया गया। रस्मों की अदायगी के बाद सभी दुल्हों को सीधें सजे-धजे मंडप में ले जाया गया। जहाँ वर-वधुओं को मंडप में बिठा कर वैवाहिक रीति-रिवाज अदायगी का कार्यक्रम हुआ।

संस्थान के प्रभारी राजेन्द्र परिहार ने बताया कि घर परिवार में होने वाले शादी समारोह की तरह इन बेटियों के विवाह से पहले की विभिन्न रस्मों को निभाया गया। विवाह पूर्व महिला संगीत के कार्यक्रम में संस्थान की विभिन्न इकाईयों सहित अतिथि महिलाओं ने संगीतमय प्रस्तुति दे सबका मन मोह लिया। श्री परिहार ने बताया कि इन बेटियों के लिए सगे संबधियों से पूछते हुए इच्छानुसार ही 6 सुयोग्य वरों का चयन किया गया। बेटियों की शादी के साथ ही नवजीवन संस्थान पीहर पक्ष के संपूर्ण रीति रिवाज निभाता आ रहा है। परिहार ने बताया कि इससे पहले भी संस्थान की 13 बेटियों का विवाह हो चुका है मारवाड़ की मान्यता के अनुसार बेटियों के पहले प्रसव मायके में होता है इसलिए विवाहित बेटियों के प्रथम प्रसव भी संस्था के देखरेख में होता है तथा समस समय पर होने वाले विभिन्न रीजि रिवाजों के समय ही वर पक्ष के लिए समधी की भूमिका संस्थान द्वारा निभाई जाती है। राजेन्द्र परिहार के अनुसार बेटियों के आत्मविश्वास के लिए सभी प्रकार के गिफ्ट दिए जाते है जिससे उन्हें यह नहीं लगे की इस संसार में उनका कोई नहीं है। सभी बेटियों को टीवी, फ्रिज, कूलर, वॉशिग मशीन, वाटर प्यूरिफायर, बेड, अलमारी सहित घरेलू उपयोग के सामान बतौर गिफ्ट दिए गये। बेटियों को ससुराल में भविष्य में किसी प्रकार के ताने नहीं सुनने पड़े इसलिए 5 तौला सोना भी गिफ्ट दिया गया है।

शाम 7.30 बजे आशीर्वाद समारोह प्रारंभ हुआ। शहर के गणमान्य नागरिक, न्यायिक अधिकारी, हाइकोर्ट जज, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद और बिजनेसमैन ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। रात 10.30 बजे विदाई समारोह हुआ । वर वधुओं ने परिसर में संस्थान के संस्थापक कर्मयोगी समाज गौरव भगवान सिंह परिहार की प्रतिमा के आगे नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया इस पावन घड़ी में अनेकों गणमान्य समाज बंधुओं के साथ ही संस्थान के पदाधिकारियों और बालिकाओं ने भारी मन से छह बेटियों को विदाई दी। इस दौरान वरिष्ठ उद्यमी घेवरचंद कानूंगो सहित अनेको लोग भी भावुक हो गए।

माली सैनी संदेश परिवार समाज गौरव प्रात: स्मरणीय भगवान सिंह परिहार के द्वारा मानव हितार्थ किए गए परमार्थ के कार्यो को नमन करता है साथ ही संस्थान के प्रभारी उनके पुत्र राजेन्द्र परिहार द्वारा स्वर्गीय बाऊजी के पदचिन्हों पर चलते हुए निर्विघ्न सेवा कार्य के साथ ही बाऊजी के सपनों को पूरा करने के लिए हार्दिक आभार प्रकट करता है हम सभी नव विवाहित दम्पतियों के मंगलमयी जीवन की मंगल कामना करते है।

## 251 युवाओं ने किया रक्तदान प्रतिभाओं का किया बहुमान



बगड़। आदर्श नगर स्थित सेठ घनशाम दास आनंदीलाल रूंगटा स्कूल में बुधवार को प्रीति देवी मेमोरियल सोसायटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर व प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। जयपुर से आई टीम ने 251 यूनिट रक्त संग्रहण किया। दादूद्वारा महामंडलेश्वर स्वामी अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में हुए समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री मुकेश दाधीच थे। अध्यक्षता खेतड़ी विधायक पूरणमल सैनी, उप जिला प्रमुख बनवारी लाल सैनी, पीबीएम अस्पताल बीकानेर के पूर्व अधीक्षक डॉ सीताराम गोठवाल, समाजसेवी यशवर्धन सिंह शेखावत, डॉ रोहित चौधरी व गुलझारी लाल शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। सोसायटी अध्यक्ष ब्रजेश कुमार, संरक्षक महेन्द्र शास्त्री, सचिव भंवर लाल राजोरिया, सलाहकार, दीपक टेलर, रोहिताश, रवि, पूर्व छात्राध्यक्ष बबली सैनी, कोषाध्यक्ष दीपक सैनी, मनजीत चौधरी, प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा, निदेशक रमेश शर्मा, शिव भगवान शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

संस्थापक प्रो हितेश सैनी ने स्वागत भाषण व अतिथि परिचय दिया। सोसायटी की ओर से राजस्थान विद्या मंदिर माध्यमिक स्कूल में रविवार को हुई निबंध, चित्रकला, सामान्य ज्ञान, रंगोली और मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीया स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, नेट, स्लेट, पीएचडी, आईपीमटी, आईआईटी और राजपत्रित अधिकारी के पद पर चयनित बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया।

शिविर में रक्तदान करने वाली पूर्व छात्र अध्यक्ष बबली सैनी को भी सम्मानित किया गया। सोसायटी की ओर से गोद ली गई बेटियों को पाठ्य सामग्री, स्वेटर व अन्य जरूरत की वस्तुएं प्रदान की गई।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बनाई रंगोली रिंपल और सीया रहीं प्रथम



बगड़। श्रीमती प्रीतिदेवी मेमोरियल सोसायटी आदर्शनगर के तत्वावधान में राजस्थान विद्या मन्दिर माध्यमिक स्कूल में छात्रा प्रतिभा खोज परीक्षा हुई। निबंध, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, रंगोली तथा मेहंदी रचाओ पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। संस्थापक प्रो. हितेश सैनी व संरक्षक महेन्द्र शास्त्री ने बताया कि प्रतियोगिता में 11 स्कूलों की 110 छात्राओं ने हिस्सा लिया। चैयरमेन सुशीला बुंदेला, कांता सैनी, दिनेश शर्मा, कमला, नेहा आल्हा ईना राजोरिया, अंजू टेलर व ज्योति प्रकाश सैनी निर्णायक थे। चैयरमेन के मुख्य आतिथ्य में बेटी बचाओ बेटी पढाओ पर सेमीनार भी हुई। अध्यक्षता सोसायटी सचिव भंवरलाल राजोरिया ने की। मेहंदी में राजकीय स्कूल इस्लामपुर की मनीषा भाटीवाल प्रथम, राजस्थान विद्या मन्दिर की साक्षी बुंदेला द्वितीय व पीरामल स्कूल की निक्की बुंदेला व राजकीय स्कूल आदर्शनगर की सपना तृतीय, चांद शेखावत व तानिया जांगिड एवं चावो वीरो स्कूल की निकिता सैनी व भवानी द्वितीय रही गोगराज स्कूल की सोनिका व स्नेहा तृतीय रही। चित्रकला में राजस्थान विद्या मन्दिर की कनुप्रिया आल्हा प्रथम रही। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राजस्थान विद्या मन्दिर की जाहन्वी प्रथम रही। निबंध में जीडी स्कूल आदर्शनगर की पायल सैनी प्रथम रही।

प्रधानाध्यापक श्रीराम सैनी, पूर्व पार्षद अजयसिंह शेखावत व अध्यापिका मंजू विशिष्ट अतिथि थी। संस्थापक हितेष सैनी, रवि सैनी, मुकेश सैनी, सरिता शर्मा, संजय सैनी, दयाशंकर सैन, प्रमिला सैनी ने विजेताओं को सम्मानित किया।



# समाज गौरव शिक्षाविद् भामाशाह श्री निर्मल गहलोत ने नन्हीं बच्ची के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 1 लाख रुपये का किया योगदान

जोधपुर। किडनी ट्रांसप्लांट में आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे विशाखा व्यास के परिजनों के सहयोग के लिए उत्कर्ष संस्थान ने पहल करते हुए संस्थान के निर्देशक श्री निर्मल गहलोत ने गुरूवार को विशाखा के परिजनों को इसके इलाज के लिए 1 लाख रूपये का सहयोग राशि का चैक भेंट किया।

श्री निर्मल गहलोत ने बताया कि जब अखबारों में प्रकाशित समाचारों व फेसबुक वॉल से पता चला तो संस्थान ने विशाखा के सहयोग का निर्णय लिया। श्री निर्मल गहलोत की इस पहल पर समाजसेवी एवं उद्यमी नरेश सुराणा ने भी विशाखा के उपचार हेतु अपनी ओर से 1 लाख रूपये की सहायता देने की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि आठ वर्षीय बालिका विशाखा पिछले दो साल से किडनी की परेशानी से जूझ रही है। डॉक्टर ने इसका उपचार सिर्फ ट्रांसप्लांण्ट ही बताया जिसमें ब्लड ग्रुप बदल कर होने के कारण करीब 15 लाख रूपये खर्च आएगा। इसके लिए समाचार पत्रों व सोशियल मीडिया पर भी नन्हीं बच्ची की सहायता के लिए अपील की गई है।

माली सैनी संदेश परिवार उत्कर्ष के निर्देशक श्री निर्मल गहलोत का नन्हीं बिटिया के उपचार हेतु सहयोग करने पर हार्दिक आभार प्रकट करता है ज्ञात रहे निर्मल गहलोत द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान उत्कर्ष ने अपनी पहचान प्रतियोगी परिक्षाओं में पूरे राज्य में बनाई हुई है संस्थान के सैकड़ों विद्यार्थियों ने यहां से प्रतियोगी परिक्षाओं में तैयारी कर सफलता प्राप्त की है यहां से शिक्षा प्राप्त आई. ए. एस. , आ.ए.एस. जैसे उच्च पदों पर युवा  देश व समाज की सेवा कर रहे है। हम सभी श्री निर्मल गहलोत के मानव हितार्थ किए गये कार्यो के लिए हृदय से आभार अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वलतम भविष्य की मंगलकामना करते है।





# अमेरिका में भरत ने जीता सिल्वर मेडल



कुरुक्षेत्र के 17 वर्षीय युवक भरत सैनी ने ताइक्वांडो में रजत पदक हासिल करके देश का नाम रोशन किया है भारत पूर्व लोकसभा सदस्य श्रीमती कैलाश सैनी के सुपुत्र हैं भारत के स्वदेश पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में भारत ने कहा कि देश के लिए 2020 के ओलंपिक में गोल्ड मेडल लाना उनके जीवन का लक्ष्य है ओर इसके लिए वो प्रयास कर रहे हैं दिन रात मेहनत करके वो अपने सपने को सच करके दिखाएंगे भारत अपनी सफलता के पीछे कोच मनदीप सिंह की मेहनत और उनकी मां के आशीर्वाद मानते हैं। अपने बेटे की इस उपलब्धि पर भारत की मां और पूर्व लोकसभा सदस्य कैलाश सैनी भी काफी खुश है उन्होंने कहा कि जब भारत को रजत पदक मिलने पर अमेरिका में तिरंगा लहरा रहा था तो उनका सीना गर्व से फूला हुआ था उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि उन्होंने एक ऐसे बेटे को जन्म दिया जिन्होंने अमेरिका में भी भारतीय तिरंगे को शान से लहराया भारत ने यह उपलब्धि अमेरिका के लास वेगास शहर में आयोजित इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हासिल की है. माली सैनी संदेश परिवार भरत को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवलत्तम भविष्य की मंगल कामना करता है।




मूर्ति का उड़ा कलर

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाता महात्मा ज्योति बा फूले पार्क

## माली सैनी संदेश पत्रिका ने लिया गोद, जल्द सुधार कर दिया जाएगा भव्य रुप

जोधपुर। माली समाज ही नहीं वरन् पिछड़े अतिपिछड़ों एवं शुद्रों को सदियों से हो रहे शोषण से मुक्ति दिलानें वाले महात्मा ज्योति बा फूले पार्क जो कि महामंदिर में मुख्य रोड़ पर है, कई वर्षो से रख रखाव के आभाव में उजड़ चुका है यहीं नहीं चारों और गंदगी फैली हुई है यहां आस पास ठेलों एवं रेहड़ी वालों ने अपनीं दुकानें लगा इसकी झालियों को तोड़ दिया है तथा कचरा भी पार्क के अंदर ही डाल रहे है जिससे इसका मूल स्वरूप तो बिगड़ा ही है साथ ही इसमें असामाजिक तत्वों ने शाम होते ही मयखाना बना दिया है। महामंदिर में जहां यह पार्क स्थित है वहीं समाज की माली संस्थान, हरिद्वार धर्मशाला, सुमेर शिक्षण संस्थान सहित अनेकों सामाजिक संस्थाओं के मुख्यालय है यहीं नहीं यह मुख्य मार्ग है तथा यहां समाज बाहुल्य है लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।

माली सैनी संदेश परिवार ने जोधपुर के महापौर श्री घनश्याम औझा से मिलकर इस पार्क को विधिवत गोद लेने के लिए आवेदन किया। इस पर आयुक्त नगर निगम जोधपुर ने सहमति प्रदान कर महात्मा ज्योति बा फूले पार्क को माली सैनी संदेश पत्रिका को गोद दिया है।

पत्रिका की ओर से रविवार, 13 नवबंर , 2017 को जब पूर्व पार्षद श्री मंयक देवड़ा व क्षेत्रीय पार्षद श्री अरविंद गहलोत से संपर्क कर इस पार्क की दुर्दशा बताई तो क्षेत्रीय पार्षद श्री अरविंद गहलोत ने सोमवार को पार्क की पूरी सफाई करवाने का आश्वासन दिया तथा विश्वास दिलाया कि माली सैनी संदेश पत्रिका द्वारा पार्क के विकास कार्य करवानें के पश्चात मैं स्वयं पार्क की रोजाना सफाई करवा कर सुनिश्चित करूंगा की यहां किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं फैले तथा समाज कंटक इस पार्क के स्वरूप को नहीं बिगाड़ सके।

माली सैनी संदेश परिवार समाज के प्रबुद्ध वर्ग के सहयोग से यहां शीघ्र ही विकास कार्य करवा टूटी हुई झालियों, टाईल्सों एवं महात्मा की प्रतिमा का रंग रौगन करवा गार्डन का मूल स्वरूप लौटाने का कार्य आरंभ करेगी साथ ही यहां की लाईटों को चालू करवा आगामी 28 नवबंर, 2017 को महात्मा ज्योति बा फूले की 127 वीं पुण्यतिथि से पूर्व इसका मूल स्वरूप लोटा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योति बा फूले को श्रद्धांजलि अर्पित करेगे।



महात्मा फूले की मूर्ति के पास पड़ा कचरा



महात्मा फूले पार्क की टूटी झालियां

# 36 कौम की सेवा कर लड़नी होगी अधिकारों की लड़ाई – श्री ऊँकार राम कच्छवाहा





माली सैनी महासभा की बैठक में उपस्थित समाजबंधु

नागौर. राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के चेयरमैन औंकारराम कच्छावा ने कहा कि महासभा को छत्तीसों कौम की सेवा करते हुए अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। साथ ही आने वाले चुनावों में अधिक संख्या में प्रतिनिधियों को टिकट दिलाने की सभी राजनीतिक पार्टियों से पुरजोर मांग करेंगे। वे रविवार को अमरपुरा स्थित संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज मंदिर प्रांगण में बैठक व दीपावली स्नेह मिलन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनावी समर के संकल्प में हम सबको एकजुट होकर संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने एक राजनीतिक पार्टी के लिए कहा कि संगठन में हमें प्रतिनिधित्व नहीं दिया तो इसे लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। एक जाति वर्ग से पार्टी नहीं चलेगी। यह 36 कौम की पार्टी है। महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी ने कहा कि संगठन रचनात्मक कार्यक्रम एवं जन आंदोलन से समाज को नई दिशा मिलती है। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम सेवाभाव  को अंगीकार करें। उन्होंने महात्मा फुले दम्पती व संत लिखमदीदास महाराज के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।

नगर परिषद सभापति कृपाराम सोलंकी ने कहा कि महासभा का परचम दसों दिशाओं में फैल रहा है। इस मौके पर नागौर एसडीएम परसाराम टाक, महासभा के संरक्षक मांगीलाल पंवार, मोतीलाल सांखला, प्रेमराज सोलंकी, सेवाराम दगदी, पूर्व विधायक भोलाराम सैनी, रामस्वरूप पंचार, जयपुर नगर निगम के पूर्व चैयरमेन ईश्वरलाल सैनी, महेश चौहान, राजेन्द्र मावर, एडवोकेट मनोज अजमेरा, प्रभातीलाल सैनी, तुलसीराम, भंवरलाल सैनी, सीताराम कटारा, विनित सांखला, आईदानराम, छगन गहलोत, रामगोपाल शास्त्री, गोपाल माली, प्रेमसिंह सैनी, करतार सैनी, बीएस पंवार, राधाकिशन, अभिषेक सैनी, विपल्व टाक, सोजत, मोहित सैनी आदि मोजूद थे।

# माली समाज के सम्मेलन में शिक्षा और सेवा पर जोर, बेटियों को भी उच्च शिक्षा दिलाने का आह्वान





**समारोह में संत श्री चेतन गिरी जी महाराज व महात्मा ज्योति बा फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सामाजिक विषमताओं को दूर करने का किया आव्हान**

